तापमान
अधिकतम .26 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026



स्काई एलॉयज एंड पावर लिमिटेड में हुआ अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट





## खबर संक्षेप



### छात्रावास की बालिकाओं को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**रायगढ़।** जिले के विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम रेगड़ी स्थित छात्रावास में लंबे समय से चली आ रही पेयजल एवं निस्तारी की समस्या का समाधान इसी समन्वय का परिणाम है। मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला खनिज न्यास डीएमएफ मद से 28 लाख 99 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर बच्चों को शुद्ध पेयजल की स्थायी सौगात दी है। दूरस्थ अंचल में स्थित ग्राम रेगड़ी के छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को लंबे समय से पीने के साफ पानी और दैनिक निस्तारी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। यह समस्या केवल असुविधा नहीं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्यए स्वच्छता और शिक्षा से सीधे जुड़ी हुई थी। जिला प्रशासन द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल छात्रावास में शुद्ध पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला खनिज न्यास डीएमएफ फंड से छात्रावास से 3 किलो मीटर दूरी पर पाइप लाइन विस्तार व नवीन नलकूप खनन कर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। नलकूप खनन कार्य पूर्ण होने के बाद छात्रावास में रहने वाले बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। इससे न केवल जल संकट समाप्त होगा, बल्कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और अध्ययन का वातावरण भी बेहतर होगा। अब बच्चों का समय और ऊर्जा पानी की चिंता में नहींए बल्कि पढ़ाई और आत्मविकास में लगेगी। विद्यार्थियों ने राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खुशियों का इजहार किया है।

### कालेज में अस्थायी प्रशिक्षक इम्पैनल के लिए आवेदन

**रायगढ़।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज द्वारा जिले में कौशल विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। महाविद्यालय अंतर्गत सहायक इलेक्ट्रीशियन पाठ्यक्रम के संचालन हेतु पूर्णतः अस्थायी प्रशिक्षक इम्पैनल तैयार किए जाने के लिए आधिकारिक सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार सहायक इलेक्ट्रीशियन पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं व्यावहारिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से योग्य और अनुभवी प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पैनल पूर्णतः अस्थायी आधार पर गठित किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 23 जनवरी 2026 तक अपना आवेदन सीधे कार्यालय में जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। आवश्यक योग्यता, अनुभव एवं अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध कराई गई है।

### भर्ती प्रक्रिया में दावा आपत्ति का निराकरण

**रायगढ़।** सखी वन स्टॉप सेंटर के सुचारु संचालन के लिए सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करने हेतु पैरालीगल कार्मिक, अधिवक्ता, पैरामेडिक कार्मिक, सुरक्षा गार्ड एवं नाइट गार्ड पदों पर प्राप्त आवेदनों की दावा.आपत्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची पूर्व में प्रकाशित कर निर्धारित समय.सीमा के भीतर दावा.आपत्ति आमंत्रित की गई थी। निर्धारित समयावधि में प्राप्त सभी दावा.आपत्तियों का गठित चयन समिति द्वारा गहन अवलोकन एवं परीक्षण किया गया। प्रस्तुत अभ्यावेदनों का नियमानुसार परीक्षण करते हुए उनका समुचित निराकरण किया गया है। आवेदनों का निराकरण उपरांत सूचीबद्ध कर दावा आपत्ति निराकरण सूची व अंतिम सूची जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय के सूचना पटल व जिला के वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

## कुछ प्राइवेट और एक दो सरकारी स्कूलों का काटा गया सेंटर

# पहली बार जिले में कम हुए बोर्ड के 7 एग्जाम सेंटर, पहले थे 116

**पांच प्राइवेट स्कूल को इस बार बनाया गया हैं केंद्र, इसमें एक नया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बोर्ड परीक्षा का सेंटर बढ़ने के बजाए रायगढ़ जिले में सात कम कर दिया गया है। इसका कारण चाहे जो भी हो, लेकिन अब तक ऐसा कभी नहीं हुआ था कि सेंटर कम किया गया हो। जहां सेंटर हटाया गया है वहां के बच्चों को दूसरे केंद्रों में शिफ्ट किया गया है। याने इस साल इन बच्चों को परेशानी हो सकती है। बीते साल जिले में बोर्ड के लिए 116 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस साल सात घटा कर 109 कर दिया गया है। जिन स्कूलों का सेंटर हटाया गया है उसमें अधिकांश प्राइवेट तो एक दो सरकारी स्कूल भी शामिल हैं। दूसरी ओर सेंटर काटने के बाद पांच प्राइवेट स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसमें दो को इसी साल सेंटर बनाया गया है।इस साल फरवरी में ही बोर्ड की परीक्षाएं चालू जाएगी। इसके पहले मार्च से शुरु होती थी, लेकिन इस साल इसमें कुछ बदलाव किया गया है। दूसरी ओर गुरुवार को बोर्ड की सेंटर लिस्ट भी जारी कर दी गई है। इस बार रायगढ़ जिले में 7 सेंटर कम कर दिया गया है। याने इस बार केवल 109 परीक्षा केंद्र ही बनाए गए हैं। बीते सालों की बात करें तो 116 सेंटर बना था। दूसरी ओर करीब 10 सेंटर ऐसे भी हैं जिनको समायोजन कर दूसरे केंद्रों में शिफ्ट भी किया गया है। इन सेंटरों को छोड़कर जिन केंद्रों को बंद किया गया है उसमें अधिकांश प्राइवेट स्कूल शामिल होने की बात कही जा रही है। एक दो सरकारी सेंटर को भी हटा दिया गया है।




### बिना प्रस्ताव बना दिया सेंटर

जानकारी तो यह मिली है पुसौर ब्लॉक में एक ऐसे स्कूल को भी सेंटर बनाया गया है जिसका शिक्षा विभाग द्वारा कोई प्रस्ताव ही बोर्ड को नहीं भेजी गई थी। अब इस स्कूल को सेंटर कैसे बनाया गया है यह शिक्षा विभाग के अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं। अब इस सेंटर को लेकर कई तरह के सवाल भी खड़े हो रहा है। दूसरी ओर शिक्षा विभाग की ओर से पांच नए सेंटर बनाने का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है।

### इन परीक्षा सेंटरों को किया गया समायोजन

जानकारी के अनुसार ऐसे करीब 10 परीक्षा केंद्रों को निरस्त कर दूसरे केंद्रों में उनको समायोजन कर दिया गया है। इसमें डोंगीतराई, कछार, पुसल्दा, जोबी, पड़िगांव, गोर्रा, संत माईकल हासेकें रामभांठा, सेठ किरोडीमल आदर्श कन्या हासे स्कूल गुरुद्रोण और नेशनल कॉन्वेंट शामिल है। इन केंद्रों को जहां समायोजन किया गया है उसमें शाउमावि कोड़तराई, मुरा, बरभौना, बर्रा, सेजेस पुसौर, शाउमावि पुटकापुरी, शाउमावि सरदार वल्लभ भाई पटेल हिंदी माध्यम में सेंटरों को समायोजन किया गया है।

## शिक्षा गुणवत्ता को लेकर कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विकासखंड के सभी संकुल स्त्रोत समन्वयकों सीएसी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विकासखंड शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों में पूर्ण साक्षरता एफएलएन की प्राप्ति और शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस अवसर पर डीएमसी आलोक स्वर्णकार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल, बीआरसीसी मनोज अग्रवाल और डाइट प्राध्यापक दुबे उपस्थित थे। कार्यशाला में शिक्षण प्रक्रिया की दक्षता, बच्चों का स्तरवार आकलन और टीएलएम एवं खेल के माध्यम से पढ़ाई को और अधिक प्रभावशाली बनाने पर गहन चर्चा हुई। डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने कहा कि सीएसी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता को बढ़ाने में अहम कड़ी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कक्षा अवलोकन के दौरान सीएसी का व्यवहार सरल संतुलित और प्रेरक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएसी को बच्चों की वास्तविक स्थिति समझते हुए मार्गदर्शन देना चाहिए। यह केवल निरीक्षण नहीं, बल्कि शिक्षा में सुधार का अवसर है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल ने बताया कि एफएलएन का लक्ष्य 2027 तक पूरा करना प्राथमिकता है। इसके लिए प्रत्येक बच्चे की शब्द स्तर वाक्य स्तर और अनुच्छेद स्तर पर स्थिति का रिकॉर्ड बनाए रखना अनिवार्य है।

## दुकानदार ने जब्त धान को बेचा, एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में पिछले दिनों अवैध धान को लेकर हुई कार्रवाई में ओम ट्रेडर्स से 60 बोरी अवैध धान पकड़ा गया था। इसे दुकान संचालक को सुपुर्द किया गया, लेकिन उसने 40 बोरी धान बेच दी। इस मामले में दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

मा म ला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को तहसीलदार ओम ट्रेडर्स में धान की जांच और रखरखाव देखने गए थे। जांच के दौरान दुकान में 60 बोरी अवैध धान पाया गया। पूछताछ में दुकान संचालक राजू राठिया टालमटोल करने लगा। इसके बाद सभी बोरी जब्त कर ली गई और विधिवत कार्रवाई की गई। जब्त धान को सुरक्षित रखने के लिए बंधपत्र भरवाया गया था। 30 दिसंबर को तहसीलदार और एसडीएम फिर से दुकान की जांच करने गए। तब पता चला कि 60 बोरी में से 40 बोरी धान गायब है और केवल 20 बोरी बची है। पूछताछ में दुकान संचालक राजू राठिया ने कबूल किया कि उसने सुपुर्द में रखा धान बेच दिया। जांच में यह पाया गया कि उसने शासकीय आदेश और जब्ती की शर्तों का उल्लंघन किया है। इसके बाद धरमजयगढ़ थाना में मामले की सूचना दी गई। धरमजयगढ़ थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 316,2 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई।

**खास बात**
- धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

## अलग-अलग सड़क हादसों में छात्रा सहित चार की मौत

### साल के पहले और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में हर दूसरे दिन हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में सड़क हादसों का दौर थमने का नाम नही ले रहा है। अलग-अलग सड़क हादसो में एक मासूम छात्रा समेत चार लोगों की मौत से कई सवाल खड़े होने लगा है। इन दुर्घटनाओं में पुलिस मर्ग पंचनामा कार्रवाई के बाद आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जिले हर साल सड़क दुर्घटनाएं और होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। अभी साल का पहला महीना चल रहा है। पुलिस राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मना रही है और इसी माह में अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इसी क्रम में 4 सड़क हादसों में 4 लोगों की जान जाने से जिलेवासी सहमे हुए हैं। पहली घटना शहर के चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की है। ग्राम बंगुरसिया निवासी आकाश सिदार 25 बुधवार की शाम करीब 6 बजे रायगढ़ से अपने गांव लौट रहा था। युवक जब शिवशक्ति प्लांट के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन की ठोकर से सिर में गंभीर चोट आने की वजह से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। आकाश सीसीटीवी कैमरा लगाने का काम करता था। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। इसी तरह दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। बीती रात करीब 8 बजे ग्राम लाखा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार युवक समीर साहू 22 साल निवासी कसडोल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।



### ट्रैक्टर से गिरकर छात्रा की मौत

तीसरी घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है। ग्राम खम्हार की रहने वाली नाबालिग छात्रा कुमारी वृंदावती अगरिया 14 साल अपनी सहेली तारावती अगरिया के साथ राजू मिंज के ट्रैक्टर में सवार होकर अपने घर जा रही थी। जब वे लोग खोचापारा कोरजानाला पुल के पास पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर में बैठी वृंदावती अगरिया वाहन से नीचे गिर गई। गंभीर रूप से घायल बालिका को परिजनों द्वारा तत्काल धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक ने प्रारंभिक जांच के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया।

### जेसीबी वाहन की टक्कर से ग्रामीण की मौत

इसी तरह की चौथी घटना भूपदेवपुर थाना क्षेत्र की है। देवरी गांव में घर के बाहर बालू के ढेर में बैठे ग्रामीण घासीराम नवरंग 40 साल को एक जेसीबी के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि उनके क्षेत्र में लंबे अरसे से अवैध रूप से रेत परिवहन हो रहा है और दुर्घटनाकारी जेसीबी भी रेत परिवहन के लिए नदी जा रही थी इसी बीच यह घटना घटित हो गई। फिलहाल सड़क हादसे के चारों अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपी वाहन चालको के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है।

## लॉ के पास आउट छात्रों को नहीं मिली अब तक 6वें सेमेस्टर की मार्कशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लॉ के पास आउट छात्रों को अब तक 6वां सेमेस्टर का मार्कशीट नहीं मिली है। इसके कारण इन छात्रों के दिक्कत होने लगी है। तीन महीने पहले 15 अक्टूबर को ही 6वां सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया गया है। वहीं ऑल इंडिया बार एग्जाम का परिणाम भी घोषित हो चुका है। ऐसे में इन छात्रों की नामांकन प्रक्रिया रुक गई है। इससे इनकी परेशानी बढ़ गई है।

लॉ कॉलेज से 6वां सेमेस्टर की लॉ की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी अंकसूची नहीं मिलने से परेशानी बढ़ गई है। छात्रों शहीद नंदकुमार पटेल विश्व विद्यालय के कुलपति को पत्र लिखा है और कॉलेज में 6वां सेमेस्टर की मार्कशीट भेजने की मांग की है। इन छात्रों की समस्या यह है कि जब तक अंकसूची नहीं मिलेगी तब तक उनका नामांकन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाएगी। इसके कारण छात्र परेशान है।




## भौतिक सत्यापन के लिए किसानों के घर पहुंच रहे अधिकारी, घर में ही रहने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिन किसानों का टोकन कटा है उनको आज से घर में ही रहने की हिदायत दी गई है। कारण ऐसे किसानों के घर में भौतिक सत्यापन के लिए अधिकारी पहुंचेंगे। पूरी टीम के साथ अधिकारी अब घर-घर दस्तक देंगे।

यदि जो टोकन कटा है उसके हिसाब से उपज है तो ठीक, नहीं तो टोकन कैसिंल कर दिया जाएगा। इस तरह की हिदायत किसानों को समिति प्रबंधकों द्वारा दी जा रही है। दूसरी ओर धान खरीदी अब कुछ ही दिन बाकी है, लेकिन किसानों की मुसीबत दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। न तो एप से टोकन कट रहा है और न ही समितियों में।

अब बमुश्किल 10 दिन ही धान खरीदी होगी। इसमें भी किसानों को अपनी ही जमीन में लगाए गए फसल का सबूत भी देना पड़ेगा। समितियों की ओर से एक टैक्स मैसेज भेजी जा रही है। इसमें घर में रहने की हिदायत दी जा रही है। कहा जा रहा है कि बिना भौतिक सत्यापन टोकन कटने के बाद भी धान नहीं लिया जाएगा। इसके लिए किसानों के घर पर अधिकारी जाएंगे और वहां रखे धान की जांच रकबा के हिसाब से करेंगे। यदि उसमें खरे उतरे को तो धान बिक जाएगी, अन्यथा घर में ही पड़ा रह जाएगा।



### अधिकारियों की मजबूरी, किसानों की मुसीबत

जो अधिकारी सत्यापन करेंगे उनमें अधिकांश कृषि और राजस्व विभाग के हैं। उनको हर गांव के किसानों और उनके रकबे की जानकारी है, लेकिन उनकी भी मजबूरी है किसी भी तरीके से धान खरीदी कम करने का निर्देश है। ऐसे में अधिकारियों की जहां मजबूरी है। वहीं किसानों के लिए खुद का उपज बिक्री करने के लिए कई मुसीबतों का सामना कर पड़ रहा है।

### निर्माण सामग्री सड़क पर डंप, 90 लाख के सौंदर्यीकरण कार्य में कछुआ चाल

# खर्राघाट बना हादसों का पुल, हर दिन खतरे में जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खर्राघाट सेतु इन दिनों विकास नहीं बल्कि दुर्घटनाओं का कारण बनता जा रहा है। पुल और आसपास निर्माणाधीन सामग्री गिट्टी, रेत, ईंटें सड़क पर डंप कर दी गई हैं, जिससे आए दिन राहगीर, दो पहिया वाहन चालक और स्कूली बच्चे हादसों का शिकार हो रहे हैं। सेतु के सौंदर्यीकरण का 90 लाख रुपए का ठेका बाराद्वार निवासी संजय केड़िया को नगर निगम द्वारा दिया गया है, लेकिन काम की रफ्तार कछुआ गति से चल रही है। ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

खर्राघाट सेतु पर गिट्टी, रेत और ईंटों के ढेर सड़क पर डंप कर दिए गए हैं। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। ठेकेदार द्वारा इस पुल पर ना तो चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और ना ही सुरक्षा की दृष्टि से कोई बैरिकेडिंग की गई है। नगर निगम ने खर्राघाट सेतु के सौंदर्यीकरण का जिम्मा 90 लाख रुपए में संजय केड़िया को सौंपा है। महीनों बीत जाने के बाद भी काम अधूरा पड़ा है। कार्यस्थल पर मजदूरों की संख्या बेहद कम नजर आती है, जिससे साफ है कि ठेकेदार गंभीरता से काम नहीं कर रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार मौखिक शिकायत कीए लेकिन न ठेकेदार ने सुध ली और न ही निगम अधिकारियों ने निरीक्षण किया। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार मनमानी कर रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।



ठेकेदार द्वारा पुल के सौंदर्यीकरण का काम कछुआ गति से किया जा रहा है। पुल के उपर कई सप्ताह से निर्माण सामग्री डंप होने पर लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। मैंने इस संबंध में अधिकारियों को भी अवगत कराया है।

**अजय शंकर मिश्रा**
पार्षद वार्ड क्रमांक 21

खर्राघाट पुल पर निर्माण सामग्री डंप है इसकी मुझे जानकारी नहीं है। अगर इससे दुर्घटनाएं हो रही है तो गंभीर विषय है। मैं तत्काल ठेकेदार से बात कर डंप सामग्री को हटवाता हूं।

**अमरेश लोहिया**
ईई नगर निगम, रायगढ़।

### निगम के अधिकारी अंजान

खर्राघाट से नदी के उस पर सर्किट हॉउस स्थित है। रोजाना इस पुल से नेता, मंत्री, जनप्रतिनिधि व निगम के अधिकारियों का आना जाना भी है। इसके बाद भी जिम्मेदार देख कर भी अंजान बने हुए हैं। शायद उन्हें किसी अनहोनी का इंतजार है।

### हादसे में महिला हुई गंभीर रूप से घायल

विडम्बना की बात यह है कि रात में इस पुल में स्ट्रीट लाइट भी नहीं जलती, जिससे हादसे का खतरा और बढ़ जाता है। बीती रात एक स्कूटी सवार महिला सड़क पर फैले रेत में स्लीप होकर गिर गई। जिससे उसे गंभीर रूप से चोट आई। स्थानीय लोगों द्वारा आनन फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया। लोगों का कहना है कि इस पुल पर इस तरह की घटनाएं रोज हो रही हैं।

### जमीन विवाद पर मारपीट चार आरोपियों गिफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलौदा निवासी पीड़िता द्वारा 3 जनवरी को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसी दिन शाम लगभग 6:30 बजे जमीन विवाद को लेकर आरोपियों ने एक राय होकर पीड़िता के घर के सामने आंगन में गाली - गलौज किए, गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट किए जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना बलौदा पुलिस द्वारा 14 जनवरी को दबिश देकर सभी आरोपियों को हिरासत में लिया।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट ऑफिस में पासपोर्ट सेवा से मिलेंगी सुविधाएं

**रायगढ़।** अब नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने अथवा उससे संबंधित कार्यों के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। विदेश मंत्रालय एवं संचार मंत्रालय, भारत सरकार के समन्वय से में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र के माध्यम से पासपोर्ट से जुड़ी सभी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधीक्षक डाकघर रायगढ़ संभाग सभी नागरिकों से कहा कि अपने पासपोर्ट आवेदन, नवीनीकरण एवं अन्य संबंधित सेवाओं के लिए नजदीकी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र, प्रधान डाकघर रायगढ़ में संपर्क कर सकते हैं। इस केंद्र के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सरल, सुलभ एवं समयबद्ध बनाया गया है, जिससे आमजन को सुविधा मिल सके।

### सबडेगा में झारखंड की शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सुंदरगढ़।** जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में सबडेगा ब्लॉक अंतर्गत लुडकिडीही गांव में आबकारी विभाग ने जोरदार छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त की है। झारखंड से अवैध रूप से लाई गई करीब 11.600 लीटर विदेशी शराब को लुडकीडिही गांव में भंडारित किया गया था। यह कार्रवाई सुंदरगढ़ आबकारी अधीक्षक सिद्धेश्वर बेश्रा के निर्देश पर तथा डीएसई प्रमोद पंडा के पर्यवेक्षण में की गई। कार्रवाई के दौरान गांव निवासी स्वस्तिक टोपो के घर से 200 मिलीलीटर की 58 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई।

### अनुमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस की तैयारियां

**राउरकेला।** बनाई में 77वें उप मंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में एक प्रारंभिक बैठक का आयोजन उप कलेक्टर अक्षय पिल्ले की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समारोह के सुचारूए व्यवस्थित और गरिमामय आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उप कलेक्टर ने सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पर्व को अनुशासन और मर्यादा के साथ मनाया जाए। विभिन्न विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय बनाए रखने पर विशेष बल दियाए ताकि कार्यक्रम का आयोजन सफल और स्मरणीय बनाया जा सके।

### डकैती की साजिश नाकाम तीन बदमाश गिरफ्तार

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के टिकायतपाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रपुर खेल मैदान में डकैती की साजिश रच रहे एक गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान तीन अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। बोनाई के एसडीपीओ रामचंद्र बिस्वाल ने बताया कि पुलिस को पुख्ता खुफिया सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर टिकायतपाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद्रपुर खेल मैदान में अचानक छापेमारी की। इस दौरान तीन आरोपियों को मौके से दबोच लिया गया, जबकि उनके तीन साथी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से कई घातक हथियार तथा नकद राशि बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी झारखंड और राउरकेला क्षेत्र के निवासी हैं और पूर्व में भी डकैती की कई घटनाओं में संलिप्त रहे हैं।

### लापता दो नाबालिग को किया गया रेस्क्यू

**राउरकेला।** रांची पुलिस ने 2 जनवरी को धुर्वा इलाके के मौसी बाड़ी से लापता हुए दो नाबालिग बच्चों अंश और अंशिका का सफलतापूर्वक पता लगाकर उन्हें सुरक्षित बरामद कर लिया है। दोनों बच्चों को रामगढ़ जिले के चितरपुर क्षेत्र से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घटना से जुड़े दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। बच्चों की सुरक्षित बरामदगी की पुष्टि होते ही रांची के पुलिस अधीक्षक एसपी स्वयं उन्हें अपने संरक्षण में लेने के लिए रामगढ़ रवाना हो गए हैं। फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है।

### रेलवे पुल से अज्ञात महिला का शव बरामद

**राउरकेला।** राउरकेला के पानपोष इलाके के पास आज दोपहर एक रेलवे पुल से अज्ञात महिला का क्षत विक्षत शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों में भारी चिंता और दहशत का माहौल व्याप्त है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 50 वर्ष है और वह लाल रंग की साड़ी में थीं। उनका शव रेलवे पुल से लटका हुआ मिला, जिसमें एक हिस्सा नीचे नदी की ओर झूल रहा था। महिला के चेहरे की गंभीर क्षति के कारण पुलिस को उसकी पहचान करने में कठिनाई हो रही है। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मेडिकल लीगल जांच इनक्वेस्ट की गई और शव को आगे की पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है।

## 30 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण

# प्रत्येक व्यक्ति तक सहजता से पहुंचे स्वास्थ्य सुविधाः साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकासखंड बगीचा में 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की बड़ी सौगात दी। इस आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न रोगों की लैब जांच एवं उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है।

सुदूर वनांचल क्षेत्र बगीचा में दूरस्थ एवं पहुंचविहीन इलाकों में निवासरत लगभग 14 हजार पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजाति सहित करीब दो लाख की आबादी को अब अपने ही क्षेत्र में बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस केंद्र के संचालन से गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए दूर शहरों की यात्रा में कमी आएगी, समय की बचत होगी और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा।







### वनांचल क्षेत्रों के लिए जीवन रेखा साबित होगी नवीन सीएचसी भवन

करीब 2 करोड़ 43 लाख 72 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित इस 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में जनरल सर्जरी, नाक-कान-गला, शिशु रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग सहित अन्य विशेषज्ञ सेवाएं तथा आधुनिक लैब जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके सुचारू संचालन के लिए शासन से 100 मेडिकल एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। यह स्वास्थ्य केंद्र निश्चित ही बगीचा एवं आसपास के ग्रामीण एवं वनांचल अंचलों के लिए जीवन रेखा सिद्ध होगा और क्षेत्र की जनता को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा।

### सरकार की प्राथमिकता गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराना

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है कि प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा सहजता से पहुंचे। उन्होंने कहा कि बगीचा जैसे वनांचल एवं विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष फोकस किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंदों को निःशुल्क और बेहतर इलाज स्थानीय स्तर पर ही मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने हेतु निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। जशपुर में मेडिकल कॉलेज, प्राकृतिक चिकित्सा एवं फिजियोथेरेपी केंद्र, शासकीय नर्सिंग कॉलेज तथा शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे आने वाले समय में जिले को चिकित्सा शिक्षा एवं सेवाओं के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत और श्रीमती गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, आईजी दीपक कुमार झा,कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।



## बुनगा धान खरीदी में गड़बड़ी, अब तक कार्रवाई नहीं



**पुसौर।** पुसौर तहसील के धान खरीदी केंद्र बुनगा में गड़बड़ी सामने आई है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। शासन द्वारा निर्धारित मानक वजन से अधिक धान खरीदी, बारदाना स्टाक में अंतर, मोटा किस्म धान की खरीदी दर्शाकर सरना धान खरीदे जाने का मामले सामने आया था। संयुक्त जांचदल द्वारा उपर्जन केन्द्र में मौके पर पहुंच कर भौतिक सत्यापन किया था। इसमें तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक, सहकारिता निरीक्षक एवं अपेक्स बैंक के पर्यवेक्षक द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। संयुक्त दल द्वारा एक दिन पूर्व खरीदी गई धान की बोरियों का रेंडम वजन लिया गया। जिसमें औसतन 40 किलो 915 ग्राम मिला। वहीं स्टेक में रखी बोरियों का औसत वजन 40 कि 820 ग्राम मिला। यह निर्धारित मानक वजन से अधिक है। साथ ही भौतिक सत्यापन में 116 बोरा धान अतिरिक्त धान पाया गया। आनलाइन खरीदी पत्रक के अनुसार खरीदी केंद्र में सरना धान 2205 क्विटल होना चाहिए, जबकि भौतिक सत्यापन में 2580 क्विं सरना धान पाया गया। वही 1558 क्विंटल मोटा धान के विरूद्ध केवल 1188 क्विंटल मिला। याने बुनगा उपार्जन केन्द्र में मोटा धान की खरीदी दिखाकर सरना खरीदी की जा रही थी। इसके साथ पुराने वारदाने के उपयोग में भी अनिमितता पाई गई तथा खाली बारदाना के स्टाक में भी अंतर पाया गया। इस तरह उपार्जन केन्द्र में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी पाए जाने के चलते जांच दल द्वारा विधिवत प्रकरण दर्ज कर लिया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## औपचारिकता बन गई महिला खेल प्रतियोगिता



**पुसौर।** पुसौर में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया। चूंकि इसके जिम्मेदार अधिकारी निष्क्रिय रहे जिसके कारण 18 से 35 वर्ष की एक भी महिला खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल नहीं हुई। पंचायत स्तर पर इसकी सूचना सार्वजनिक नहीं की गई जिससे महिलाओं की सहभागिता शून्य रही। एथलेटिक्स, खो खो, हॉकी जैसे खेलों में सिर्फ 9 से 18 वर्ष की बालिकाएं ही शामिल हुईं। पुसौर में आयोजित खेल कूद जनपद सीईओ और बीईओ की निषक्रियता से महज औपचारिकता भर रह गई। सहायक संचालक युवा एवं खेल कल्याण विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखंडों में महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए थे। इसी क्रम में पुसौर के इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम में भी प्रतियोगिता आयोजित की गई लेकिन यह आयोजन केवल औपचारिकता निभाने तक सीमित रह गया। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो.खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल और रस्साकशी जैसे खेल शामिल थे। बालिकाओं के लिए 9 से 18 वर्ष और महिलाओं के लिए 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जानी थी। जमीनी हकीकत यह रही कि पंजीयन के पत्र तो जारी हुए पर उन पर कोई निगरानी फॉलोअप या जागरूकता अभियान नहीं चलाया गया।

## जतन बना विशेष बच्चों के लिए संबल अब तक 20 हजार बच्चों को मिला विशेषज्ञ उपचार



**रायगढ़।** जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र जतन डीईआईसी रायगढ़ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के रूप में कार्य कर रहा है। केंद्र की स्थापना 13 फरवरी 2016 को की गई थी। यहां उन बच्चों को विशेष सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिन्हें विकासात्मक देरी, शारीरिक, श्रवण, वाणी अथवा सीखने संबंधी समस्याओं के कारण विशेष उपचार की आवश्यकता होती है। जतन डीईआईसी की कार्यप्रणाली सामान्य अस्पताल से भिन्न है। केंद्र को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह प्ले स्कूल जैसे सहज और अनुकूल वातावरण में संचालित हो जिससे बच्चे बिना डर या तनाव के उपचार प्रक्रिया से जुड़ सकें। इसी कारण बच्चे स्वयं उत्साहपूर्वक उपचार के लिए केंद्र में उपस्थित होते हैं। स्थापना से लेकर अब तक केंद्र द्वारा 19 हजार 683 बच्चों का विभिन्न स्तरों पर परीक्षण, मूल्यांकन एवं उपचार किया जा चुका है। जतन डीईआईसी में शिशुरोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरिपिस्ट, विशेष शिक्षक, स्पीच थेरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्टए ऑप्टोमेट्रिस्ट, नर्स, पैथोलॉजी, समाजसेवक एवं काउंसलर की सेवाएं पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष शिक्षा के माध्यम से बच्चों में विकासात्मक देरी का आकलन कर उपचार किया जाता है। वर्तमान में बच्चों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से उत्पन्न लर्निंग प्रॉब्लम, देर से बोलने की समस्या और ऑटिज्म जैसे लक्षणों के मामलों में भी नियमित रूप से सेवाएं दी जा रही हैं।

## ओम ट्रेडर्स से जब्त किया था 60बोरी धान 40 बोरी कर दिया गायब , जुर्म दर्ज

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ के ग्राम चरखापारा स्थित ओम ट्रेडर्स दुकान के संचालक के विरुद्ध जब्त धान का गबन करने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार बीते 20 नवम्बर को तहसीलदार द्वारा ओम ट्रेडर्स में जांच की गई थी। इस दौरान दुकान से 60 बोरी अवैध धान जब्त किया गया था। दुकान संचालक राजू राठिया को सुपुर्दगी में सौंपा गया था। जब्त धान की सुरक्षित रख रखाव एवं देखभाल की जिम्मेदारी आरोपी को सौंपते हुए बंधपत्र भी भरवाया गया था। इसके पश्चात 30 दिसम्बर को तहसीलदार एवं एसडीएम धरमजयगढ़ द्वारा दोबारा दुकान की जांच की गई जो जब्त 60 बोरी धान में से केवल 20 बोरी ही बाकी था, बाकी 40 बोरी धान मौके से गायब हो गया था। पूछताछ के दौरान दुकान संचालक राजू राठिया ने स्वीकार किया कि उसने सुपुर्दगी में दिए गए 40 बोरी धान को स्वयं के खाते में विक्रय कर दिया है, जो कि शासकीय आदेशों एवं जप्ती की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है। मामले को गंभीर मानते हुए आरोपी राजू राठिया के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 316(2) के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई है। प्रकरण में विधिवत जांच की कार्यवाही जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान खरीदी विक्रय अथवा जप्त सामग्री के दुरुपयोग पर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### डेढ़ साल से लापता व्यक्ति घर पहुंचा हेमगीर पुलिस को मिली सफलता

**सुंदरगढ़।** जिले के हेमगिर थाना क्षेत्र में दर्ज एक लापता व्यक्ति के मामले में हेमगिर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए उसे सुरक्षित बरामद कर परिजनों से मिलवाया है। इस सफलता से पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा, सतर्कता और मानवीय संवेदनशीलता एक बार फिर सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लापता व्यक्ति से संबंधित रिपोर्ट दर्ज होने के तुरंत बाद हेमगिर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

## आरएसएस के 450 स्वयंसेवक ने किया पद संचलन



**रायगढ़।** मकर संक्रांति सनातन धर्म का एक अत्यंत पवित्र और महत्त्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण होते हैं और देवताओं का दिवस आरंभ माना जाता है। इसी कारण इसे पुण्य, तप, दान और साधना का महापर्व कहा गया है। मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि धर्म, संस्कृति, प्रकृति और साधना का दिव्य संगम है। यह पर्व हमें दान, त्याग, संयम और सदाचार का संदेश देता है। इस पावन अवसर पर प्रत्येक सनातनी को शास्त्र सम्मत विधि से पर्व मनाकर अपने जीवन को पुण्य से परिपूर्ण करना चाहिए। जैसा कि आपको विदित है यह वर्ष संघ शताब्दी वर्ष का भी है जो इस उत्सव को और भी विशेष बनाता है इसी परिपेक्ष में 14 जनवरी को नगर के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिले के बाल स्वयंसेवक 450 से अधिक की संख्या में गणवेश पहनकर नगर में पथ संचलन करते हुए नगर मुख्य मार्गों से निकले, जिसमें नगर के विभिन्न स्थानों में नन्हे नौनिहालों का भव्य स्वागत भी किया गया। उक्त संचलन का समापन रामलीला मैदान में हुआ।

## 17 साल पूर्व लापता बालक जम्मू कश्मीर में था बंधुआ मजदूर



**राउरकेला।** सोना पर्वत से लापता बालक शिवा गौड़ के 17 साल से जम्मू कश्मीर में बंधुआ मजदूर के रूप में होने का पता चला है। बीते 25 दिसंबर को वह स्वयं गांव में फोन कर इसकी जानकारी देते हुए परिजनों व परिचितों से रिहाई में मदद की गुहार लगाई। विधायक दुर्गा तांती के हस्तक्षेप से उसके लौटने की उम्मीद जगी है। तांती द्वारा डी आई जी के नाम लिखी चिट्ठी को लेकर गुरूवार 15 जनवरी को उनके परिजन व सरपंच के साथ डी आई जी से मिले और बालक से 30 साल का जवान हो चुके शिवा को राउरकेला लाने में मदद की अपील की। बता दें की टांगरपाली थाना क्षेत्र के सुईडीही ग्राम पंचायत अंतर्गत सोनापर्वत गांव के निवासी रमा गौड़ के पुत्र पुरुषोत्तम उर्फ शिव गौड़ 17 साल पहले जब वह 14 साल का था और आठवीं में पढ़ता था, तब वे लापता हो गए। उसके परिजनों द्वारा पढ़ाई के लिए डांट फटकार लगाने के बाद वह घर से भागा और किसी ट्रक ड्राइवर उसे जम्मू कश्मीर ले जाकर बंधुआ मजदूर बना कर छोड़ दिया। उनका पालन पोषण करने वाली वृद्ध चाची उल्लासी ने लगातार उसके सुरक्षित लौटने की गुहार लगाई।

## खेत में मिला महिला का शव दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका



**सुंदरगढ़।** जिले के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरा इलाके में एक विवाहित महिला का शव खेत से बरामद हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म किया गया, जिसके बाद उसकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को शंकरा क्षेत्र के एक खेत में महिला का निर्वस्त्र शव पड़े होने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सुंदरगढ़ टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बिलाईगढ़, सोनाखान, सरसीवा में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिलाईगढ़, सोनाखान एवं सरसीवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के नवनियुक्त अध्यक्षों की घोषणा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में यह नियुक्तियाँ महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं।

## कलेक्टर व सीईओ के निर्देश पर गांव गांव में लगा रहा सुशासन शिविर

**पत्थलगांव।** ग्रामीणों को उनके ग्राम में ही शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सभी ग्राम पंचायतों में सुशासन शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभ दिलाने की मंशा अनुरूप सुशासन शिविर सम्पन्न बिरिमड़ेगा में सम्मन्न हुआ।

ग्राम बिरिमड़ेगा में सुशासन शिविर में सरपंच प्रकाश मिंज जनपद सदस्य निरमा तिर्की एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ पत्थलगांव के जनपद पंचायत सीईओ केके श्रीवास विकास अधिकारी धनेस टेंगवार आवास समन्वयक रोज तिर्की प्रोग्राम अधिकारी घनश्याम के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर में शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ काफी संख्या में हितग्राहियों को बैंक ऋण मुद्रा लोन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 144 लोगो को दवाइयों



का वितरण कृषि विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को बीज का वितरण, मत्स्य विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को जाल का वितरण के साथ प्रधानमंत्री आवास के जल्द निर्माण करने पर 11 हित ग्राहियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया शिविर में 11 लोगो को आधार कार्ड एवं एक हितग्राहि को राशनकार्ड मोके में ही बनाया गया पत्थलगांव के जनपद पंचायत सीईओ केके श्रीवास ने शासन के सुशासन शिविर के बारे में बताया कि बिरिमड़ेगा में सुशासन शिविर लगाया गया जिसमें ग्राम पंचायतों के ज्यादा संख्या में पहुंचने उनका उत्साह देखकर बहुत अच्छा लगा हमने सभी विभागों के साथ मिलकर ज्यादा ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने जानकारी देने का प्रयास किया है।

## बाइक चोर गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

**पत्थलगांव।** बाइक चोर गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार, उनके कब्जे से पूर्व में चोरी की गई 3 बाइक जप्त किया गया है। पुलिस के अनुसार अमित कुजूर उम्र 27 साल निवासी दिवानपुर घुलामा थाना पत्थलगांव 10 जनवरी को को बाइक क्रमांक सीजी 14 एमएम 1203 में फुलेता साप्ताहिक बाजार गया था। बाइक को अम्बिकापुर जाने वाली रोड़ किनारे खड़ी कर बाजार करने गया था वापस आया तो इसकी बाइक को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है।

प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में धारा 303 (2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान मुखबिर सूचना पर ज्ञात हुआ कि उक्त बाइक को बेचने के लिए राजेश पावले अपने साथी राकेश सिंह पावले एवं अजय कुमार पावले के साथ ग्राहक तलाश कर रहे थे जो पुलिस टीम को देख छिपने लगे जिसे हमराह स्टॉप के घेराबंदी कर पकड़े और बारीकी पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। अभियुक्त राजेश पावले के पेश करने पर चोरी की बाइक एवं घटना में प्रयुक्त बाइक पल्सर को जप्त किया गया। अभियुक्त राकेश सिंह पावले अपने तीनों साथी के द्वारा पूर्व में चोरी किये एक हिरो एचएफ डिलक्स, एक पैशन प्रो बाइक को जंगल में छुपाकर रखे थे उनकी



निशानदेही पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। अभियुक्त अजय कुमार पावले पिता रामबिलास पावले के निशानदेही पर एक प्लेटिना बाइक को जंगल में छुपाकर रखा था जिसके निशानदेही पर उसे जप्त कर कब्जा लिया गया। उक्त तीनो अभियुक्त के विरुद्ध अपराध सबुत पाये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसएसपी शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है कि थाना पत्थलगांव पुलिस द्वारा चोरी के इस प्रकरण में प्रार्थी की चोरी हुई बाइक के साथ-साथ अन्य 3 चोरी की बाइक भी जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस टीम को नकद इनाम से पुरस्कृत किया गया।

# बोमन ने शुरू की खोसला का घोंसला 2 की शूटिंग



**मुंबई।** साल 2006 में रिलीज हुई अनुपम खेर की फिल्म 'खोसला का घोंसला' का सीक्वल की तैयारी शुरू हो चुकी है। हाल ही में इस फिल्म के दूसरे पार्ट की शूटिंग पर फिल्म की स्टार कास्ट नजर आई। बोमन ईरानी ने भी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। साथ ही फिल्म से जुड़ा एक अपडेट भी शेयर किया है। आगे अपनी पोस्ट में बोमन ईरानी लिखते हैं, 'खोसला का घोंसला 2 के सेट पर कमल खोसला और बंटी के साथ किशन खुराना के रूप में वापसी।' मंगलवार को बोमन ईरानी से पहले अनुपम खेर ने फिल्म 'खोसला का घोंसला 2' की शूटिंग से जुड़ी बीटीएस फोटो शेयर की थीं।

लाइफ Style

# राशा
## लईकी-लईका का पोस्टर किया शेयर

राशा थडानी और अभय वर्मा की अपकमिंग फिल्म 'लईकी लईका' का पोस्टर रिलीज हो चुका है। भले ही इस पोस्टर में किसी का चेहरा नजर नहीं आ रहा पर इसने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और 'मुंज्या'फेम एक्टर अभय वर्मा की अगली फिल्म 'लईकी लईका' है। मंगलवार को इस फिल्म के मेकर्स ने पहला पोस्टर साझा किया। इस पोस्टर में फिल्म से जुड़े किसी कलाकार का चेहरा नजर नहीं आ रहा पर फिर भी इसने सबका ध्यान आकर्षित किया है। फिल्म के पोस्टर में मेकर्स ने दोनों एक्टर्स का लुक छिपाते हुए एक बड़ी हिंट दी है। पोस्टर को रेट्रो लुक दिया गया है, ठीक वैसे ही जैसे 90 के दशक में दीवारों पर आर्ट वर्क किए जाते थे। इसमें स्नीकर शूज पहने एक लड़का और एक लड़की कपल की तरह खड़े हुए हैं। दोनों के जूतों पर खून बिखरा हुआ है। इस पोस्टर से तो ऐसी हिंट मिलती है कि फिल्म सिर्फ एक लव स्टोरी ही नहीं है। इसमें दोनों के रिश्तों के बीच कोई खतरनाक मोड़ भी यकीनन आएगा। अब इस फिल्म का पोस्टर सामने आने के बाद फैंस और दर्शकों को इसके टीजर का भी बखूबी इंतजार है। बहरहाल, पोस्टर देखने के बाद सभी यह अंदाजा लगा रहे हैं कि फिल्म में रोमांस के साथ जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा। सौरभ गुप्ता निर्देशित 'लईकी लईका' में राशा और अभय लीड रोल में नजर आएंगे।



हॉलीवुड मसाला

## एवेंजर्स डूम्स डे में सुपरहीरोज की वापसी



**लॉस एंजिल्स।** 'एवेंजर्सः डूम्स डे' के पहले टीजर में 'कैप्टन अमेरिका' की वापसी की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हुई। अब जो टीजर रिलीज हो रहे हैं, उसमें मार्वल स्टूडियो के कई सुपरहीरोज की एंट्री भी 'एवेंजर्सः डूम्स डे' में हो रही है। हालिया रिलीज एक टीजर में वकांडा और फैंटास्टिक फोर के सुपरहीरोज की एंट्री हुई। टीजर में फैंटास्टिक फोर का एक सुपरहीरो, वकांडा के इलाके में पहुंचता है। वहां वकांडा के वासियों से मुलाकात करता है। इसके बाद यह लोग एक टीम की तरह साथ आते हैं।



## वर्ल्ड टूर पर निकलेगा बीटीएस के-पॉप ग्रुप...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस इस साल अप्रैल में अपने एल्बम के रिलीज होने के बाद एक बड़े वर्ल्ड टूर पर निकलेगा। इस ग्रुप में आरएम, जिन, सुगा, जे-होप, जिमिन, वी एंड जुंगकोक हैं। अपने दौरे के दौरान ये ग्रुप टोक्यो, बुसान, लास वेगास, लंदन, टोरोंटो, शिकागो, बैंकॉक और कुआलालंपुर में परफॉर्म करेगा। ग्रुप के टूर मार्च 2027 तक होंगे। उम्मीद की जा रही थी ग्रुप का टूर भारत में होगा। हालांकि उनके शेड्यूल में भारत का नाम नहीं है। उम्मीद है कि यह ग्रुप भविष्य में जिन शहरों में परफॉर्म करेगा, उनकी घोषणा करेगा। हो सकता है कि भारत का नाम भी इसमें हो। पिछले तीन वर्षों में, ग्रुप के सदस्य एक ब्रेक पर थे, क्योंकि उन्होंने साउथ कोरिया में अपनी जरूरी मिलिट्री सर्विस पूरी करनी थी।



## मर्दानी 3 में नई विलेन अम्मा आएंगी नजर

**मुंबई।** अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' में मल्लिका प्रसाद विलेन के किरदार में नजर आएंगी। इस किरदार पर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। मल्लिका प्रसाद ने इस किरदार पर बात की है। यश राज फिल्म्स ने अपकमिंग फिल्म 'मर्दानी 3' का ट्रेलर रिलीज किया है। इसमें रानी मुखर्जी एसीपी शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापसी कर रही हैं। ट्रेलर में एक नई विलेन, अम्मा को दिखाया गया है। इस रोल को मल्लिका प्रसाद ने निभाया है। वह मानव तस्करी नेटवर्क का मुख्य चेहरा हैं। अपने किरदार पर मल्लिका प्रसाद ने कई बातें बताई हैं। पिछली फिल्मों से अलग विलेन के तौर पर अम्मा को अलग तरह से पेश किया गया है। वह काफी हिंसात्मक भी हैं। ट्रेलर देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने मल्लिका प्रसाद की परफॉर्मेंस पर रिएक्शन दिया है।



## आइटम सॉन्ग करके लगता है अच्छा

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा अपने आइटम सॉन्ग के लिए जानी जाती हैं। अब उन्होंने अपनी इमेज को लेकर कहा है कि उन्हें 52 की उम्र में डांस करके अच्छा महसूस होता है, इसके लिए उन्हें माफी मांगने की जरूरत नहीं है। उनका कहना है कि इसमें इतनी क्या बड़ी बात है। मलाइका अरोड़ा को बॉलीवुड में उनके आइटम नंबर्स के लिए जाना जाता है। चाहे वो शाहरुख खान के साथ 'चल छैयां छैयां' हो या फिर सलमान खान संग 'मुन्नी बदनाम हुई'। उनके डांस को फैंस बेहद पसंद करते हैं। पर कई बार इसके लिए उन्हें आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ता है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में इस बारे में बात की है और कहा कि आइटम सॉन्ग करके उन्हें मजबूती का एहसास होता है। वो इसके लिए माफी क्यों मांगे। मलाइका अरोड़ा को 2025 में यो यो हनी सिंह के 'चिलगम' म्यूजिक वीडियो में देखा गया था।

टीवी मसाला



## महादेव एंड सन्स: रिश्तों की सबसे कठिन परीक्षा

मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

कलर्स के नए शो महादेव एंड सन्स में शक्ति आनंद महादेव के किरदार में नजर आएंगे। कहानी के अनुसार, 25 साल पहले महादेव को विद्या से प्यार हो जाता है। विद्या का किरदार निभा रही हैं स्नेहा वाघ। दोनों शादी कर लेते हैं, लेकिन परिवार इस रिश्ते को स्वीकार नहीं करता। क्योंकि, महादेव उनके ही घर में काम करते हैं। 25 साल बाद बच्चे भी बड़े हो गए हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। समय के साथ यह रिश्ता किस मोड़ पर पहुंचेगा और परिवार का रवैया बदलेगा या नहीं - यही इस शो की मुख्य कहानी है।

**एक अच्छा इंसान होना सबसे ज़रूरी : शक्ति आनंद**

महादेव के किरदार में नजर आ रहे शक्ति आनंद ने कहा कि इंडस्ट्री में लंबे समय तक काम करने के लिए एक अच्छा इंसान होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, 'अगर एक्टर 19-20 भी हो तो चल जाता है, लेकिन आपके साथ लोग बार-बार काम करना चाहें, यह बहुत मायने रखता है।' शक्ति आनंद के मुताबिक मेहनत, डिसिप्लिन, पॉजिटिविटी और खुश रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, 'जब भी कोई काम करें, शिद्दत से करें।' अपने किरदार को लेकर उन्होंने बताया कि यह रोल उनके लिए अलग है। 'मैंने पहली बार इस तरह की दाढ़ी बढ़ाई है, बोलने की भाषा भी थोड़ी अलग है। एक्टर के तौर पर अलग-अलग रोल आपकी जर्नी को नई दिशा देते हैं। एक कलाकार के लिए ज़रूरी है कि वह अपनी ज़िंदगी और काम में कुछ अलग करे।'

**विद्या के लिए महादेव ही सब कुछ है : स्नेहा वाघ**

जब स्नेहा वाघ से पूछा गया कि प्यार और परिवार में विद्या किसे चुनेगी, तो उन्होंने कहा,' चुनना तो सब कुछ विद्या को ही है, लेकिन उसके लिए महादेव ही परम है।'उन्होंने बताया कि विद्या बहुत सीधी-सादी लड़की थी। उसे लगा था कि वह महादेव से शादी करेगी और परिवार मान जाएगा, लेकिन उसके साथ उल्टा हो गया।अब जब शादी हो चुकी है, तो महादेव ही उसकी दुनिया है।' जब यही सवाल उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर किया गया, तो स्नेहा ने कहा,' मैं ऐसी परिस्थिति में आती ही नहीं।

### वीरा का रतन किरदार सबसे मुश्किल

अपने अब तक के किरदारों पर बात करते हुए स्नेहा वाघ ने कहा कि उनके दिल के सबसे करीब 'ज्योति' का किरदार है। लेकिन टीवी सीरियल 'वीरा' में 'रतन' का किरदार निभाना उनके लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा।उन्होंने कहा, 'मैं बहुत एक्सप्रेसिव इंसान हूं, अपना कोई भी इमोशन छुपा नहीं पाती। लेकिन 'वीरा' में बच्ची के लिए प्यार छुपाना पड़ता था। इसलिए शो के शुरुआती तीन महीने मैंने किसी से बात नहीं की। बस यही सोचती रही कि इस किरदार को कैसे निभाऊं। आज भी उस किरदार की रील्स सोशल मीडिया पर आती हैं और दर्शकों का प्यार मिलता है।

## राहु केतु पर भी चली सेंसर बोर्ड की कैंची, कांतारा वाला सीन हटा

**मुंबई।** पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा की जोड़ी एक बार फिर से दर्शकों को एटरेटन करने के लिए रही है। 'फुकरे' के बाद अब ये दोनों फिल्म 'राहु केतु' में दिखाई देंगे, जो कि कॉमेडी-ड्रामा जॉनर की है। इसका ट्रेलर बीते दिनों रिलीज हुआ था और फिर इसे सेंसर बोर्ड के पास भेजा गया था। जहां पर इसको यू/ए 16+ सर्टिफिकेट मिला है। और साथ ही मेकर्स से सीबीएफसी ने कुछ बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। फिल्म में चंकी पांडे, पीयूष मिश्रा, अमित सियाल और मनु ऋषि चड्ढा के अलावा शालिनी पांडे भी हैं। ये 16 जनवरी को थिएटर्स में रिलीज होगी और आमिर खान की मूवी 'हैप्प पटेल' से टकराएगी। फिल्म 'राहु केतु' के निर्माताओं को एक डायलॉग बदलने के लिए कहा गया है। साथ ही ड्रग्स को सूंघने और उसे लेने वाले सीन को किसी दूसरे शॉट्स से बदलने का निर्देश दिया गया है। इतना ही नहीं, जहां-जहां पर मिडिल फिंगर दिखाई गई है, उसे छोटी उंगली से रिप्लेस करने और सभी एल्कोहल ब्रांड्स के नाम भी हटाने का आदेश दिया गया है। बोर्ड ने मेकर्स को फिल्म में इस्तेमाल किए गए संस्कृत के श्लोक के लिए ऑथेंटिकेशन लेटर भी जमा करने के लिए कहा। एग्जामिन कमेटी ने 'कांतारा' फिल्म के चीखने वाले म्यूजिक को रिप्लेस करने का निर्देश दिया। इस मूवी को विपुल विग डायरेक्ट कर रहे हैं और प्रोड्यूसर उमेश कुमार बंसल, प्रगति देशमुख, सूरज सिंह और वर्षा कुकरेजा हैं। इसे जी स्टूडियोज और बीलाइव प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनाया गया है। 'राहु केतु' की सलमान खानस अमिताभ बच्चन और संजय दत्त ने तारीफ की है।



## मायासभा में डरावने किरदार में नजर आएंगे जावेद जाफरी...

*तुम्बाड फिल्म के निर्देशक राही अनिल बर्वे की आगामी फिल्म 'मायासभा' का टीजर बुधवार को रिलीज हुआ है। फिल्म का टीजर काफी भयानक है। तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे अपनी दूसरी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'मायासभा'। मायासभा का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म के टीजर में जावेद जाफरी का अनोखा अवतार देखने को मिला, जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा।*

**मुंबई।** निर्देशक राही अनिल बर्वे की आगामी हॉरर फिल्म 'मायासभा' का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर की शुरुआत एक छोटे बच्चे से होती है, जो हेलमेट पहने सड़कों पर भटक रहा होता है। इस सीन में पीछे जावेद जाफरी की आवाज में कबीर का एक दोहा सुनाई देता है। गौर से देखें तो यह फिल्म एक तरह से सर्वाइवल हॉरर की कहानी ज्यादा लग रही है। फिल्म 'मायासभा' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में आपको रहस्य, जादू और रोमांच देखने को मिलेगा। इस फिल्म का निर्देशन 'तुम्बाड' के लेखक और निर्देशक राही अनिल बर्वे ने किया है। यह राही अनिल बर्वे की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म में जावेद जाफरी एक बिल्कुल नए अंदाज में नजर आएंगे। इस फिल्म में जावेद जाफरी के अलावा वीना जामकर, दीपक दामले और मोहम्मद समद भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण गिरीश पटेल और अंकूर जे सिंह कर रहे हैं। शामराव भगवान यादव, चंदा यादव, केवल हांडा और मनीष हांडा इसके सह-निर्माता हैं।




### प्यार-मोहब्बत के अलावा कई दूसरे विषयों पर बेहतरीन गाने लिखे हैं

## 11 की उम्र में लिखी पहली गजल, गाने लिखने के अलावा किया अभिनय

**नई दिल्ली।** मशहूर शायर और हिंदी फिल्मों के दिग्गज लिरिसिस्ट कैफी आजमी ने फिल्मों में गाने लिखने के अलावा डायलॉग लिखे हैं और अभिनय किया है। उनकी लव लाइफ काफी दिलचस्प रही है। भले ही कैफी आजमी 2002 में इस दुनिया को अलविदा कह गए हों, लेकिन उनके गाने आज भी हमारे दिलों में जिंदा हैं। उन्होंने प्यार-मोहब्बत के अलावा कई दूसरे विषयों पर बेहतरीन गाने लिखे हैं।



### आंदोलन की वजह से छोड़ी पढ़ाई

कैफी आजमी की पैदाइश 14 जनवरी 1919 को उत्तर प्रदेश के जिला आजमगढ़ में हुई। साल 1942 में कैफी आजमी ने भारत छोड़ो आंदोलन के चलते अपनी पर्शियन और उर्दू की पढ़ाई छोड़ दी। उस वक्त तक वह एक मशहूर शायर के रूप में जाने जाने लगे थे। वह प्रोग्रेसिव राइटर थे। उन्होंने शौकत आजमी से शादी की थी। उनकी एक बेटी बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शबाना आजमी हैं।

### पिता ने टेस्ट लिया, हो गए पास

कैफी आजमी को बचपन से लिखने का शौक था। जब वह महज 11 साल के थे, तो उन्होंने एक मुशायरे में शिरकत की। यहां उन्होंने 'इतना तो जिंदगी में किसी के खलल पड़' गजल पढ़ी। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। कैफी आजमी के पिता को लगा कि उन्होंने अपने बड़े भाई की गजल पढ़ी है। इसके बाद पिता ने उनका टेस्ट लिया कि क्या यह गजल कैफी ने खुद लिखी है? कैफी आजमी इसमें पास हो गए।

### गरीबी में भी शौकत ने नहीं छोड़ा साथ

कैफी आजमी की जब शौकत से शादी हुई तो उनके पास बेड भी नहीं था। दोनों ने पहली रात दरी पर गुजारी। एक बार शौकत की चप्पल टूट गई। उन्होंने इसे कैफी को बनवाने के लिए दी। कैफी को जब देर हो गई तो शौकत दूसरी टूटी चप्पल पहनकर किसी काम से लोकल ट्रेन में गईं। जब ट्रेन चलने वाली थी तो कैफी आजमी कुर्ते में चप्पल छिपाकर स्टेशन पहुंचे और चलती ट्रेन में शौकत को दी। शौकत पहले तो काफी गुस्से में थीं लेकिन शौकत के परेशान और शर्मिंदा चेहरे को देखकर गुस्सा भूल गईं।

### कैफी आजमी को कौन से अवॉर्ड मिले?

- कैफी आजमी को पद्मश्री से नवाजा जा चुका है।
- उन्हें उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी से अवॉर्ड मिल चुका है।
- 'आवारा सजदे' के लिए साहित्य अकादमी अवॉर्ड फॉर उर्दू मिला है।
- महाराष्ट्र उर्दू अकादमी का स्पेशल अवॉर्ड, सोवियत लैंड नेहरू अवॉर्ड मिला है।
- एफ्रो-एशियन राइटर असोसिएशन की तरफ से लोटस अवॉर्ड मिला है।

### बतौर एक्टर किया काम

कैफी आजमी ने फिल्मों में लिरिसिस्ट के अलावा एक लेखक और एक्टर के तौर पर काम किया है। उन्होंने सबसे पहले फिल्म 'बुजदिल' के लिए लिरिक्स लिखे। उन्होंने एक लेखक के तौर पर सबसे अच्छा काम 'हीर रांझा' में किया। उन्होंने इस फिल्म के डायलॉग लिखे थे, जो शायरी के रूप में थे। साल 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'नसीम' में उन्होंने अदाकारी भी की। इसमें उन्होंने नसीम के दादा का रोल किया था।

### गजल सुनकर दिल दे बैठी थीं शौकत

एक बार शौकत आजमी मुशायरा सुनने गईं। यहां कैफी आजमी ने गजल 'उठ मेरी जान मेरे साथ ही चलना है तुझे' पढ़ी। यह गजल शौकत को इतनी अच्छी लगी कि वह उन्हें दिल दे बैठीं। कैफी आजमी से शादी के लिए जब शौकत के पिता और भाई उन्हें देखने मुंबई आए तो उन्होंने उनकी फक्कड़ हालत देखकर शादी से इनकार कर दिया। हालांकि शौकत आजमी नहीं मानीं और उन्ही से शादी की।

## खबर संक्षेप



### सुनील को मिली शहर कांग्रेस की कमान

**खरसिया।** खरसिया शहर के कांग्रेसजनों में नई ऊर्जा एवं जान फूंकने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री उमेश पटेल ने पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील शर्मा को शहर अध्यक्ष के पद पर नियुक्त कराया है। अपने विधायक के उपरोक्त निर्णय से खरसिया शहर एवं नगरपालिका क्षेत्र के कांग्रेसजनो में अपार उत्साह देखा जा रहा है। नगर के वरिष्ठ एवं आम कांग्रेस कार्यकर्ता नारे लगाते हुए लगातार सुनील शर्मा के निवास स्थान पहुंच रहे है। वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने चर्चा के दौरान बताया की सुनील शर्मा में अपार नेतृत्व क्षमता है जो सभी को साथ लेकर चलते है एवं इनके अध्यक्ष बनने से शहर कांग्रेस और अधिक मजबूत होगी तथा संगठन को इनके अनुभव का लाभ मिलेगा। उपरोक्त नियुक्ति पश्चात कांग्रेसजनो के साथ जुलूस की शक्ल में सुनील शर्मा ने खरसिया विश्राम गृह चौक पहुंचकर स्व. नंदकुमार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। नवनियुक्त शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा ने उपरोक्त नियुक्ति पर कहा कि हमारे नेता एवं अजेय विधायक उमेश पटेल का स्नेह एवं प्यार मुझ पर हमेशा से मिलता रहा है।

### पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री का स्वागत

**कोसीर।** मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री संजय विनायक जोशी का दानसरा बेरियर के पास आतिश बाजी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर बीजेपी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से श्रीमती देव कुमारी लहरे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय अग्रवाल प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के छात्रावास प्रभारी भारत जटवार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदनी वर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मी साहू मणिकांत मिश्रा मालिक राम जूलॉजी सहित अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्वागत किया गया।

### डायलिसिस यूनिट है मरीजों के लिए वरदान

**सारंगढ़।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में संचालित डायलिसिस यूनिट क्षेत्र के किडनी मरीजों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। जिले में ही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। पूर्व में सारंगढ़ बिलाइगढ़ जिले के किडनी रोगियों को डायलिसिस के लिए रायपुरए बिलासपुर या रायगढ़ जैसे बड़े शहरों के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता था। डायलिसिस कार्यक्रम जीवन धारा के अंतर्गत जिला अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में मरीजों का उपचार पूरी तरह निःशुल्क किया जा रहा है। अनुभवी टेक्नीशियन और प्रशिक्षित स्टाफ की देखरेख में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डॉ. जायसवाल ने बताया कि डायलिसिस यूनिट में 3 मशीन के माध्यम से डायलिसिस सेवाये प्रदान की जा रही है। जिसमे से 02 ऋणात्मक मशीन और 01 धनात्मक मशीन हेपेटाइटिस सी के माध्यम से प्रतिदिन 03 से 04 मरीजों को डायलिसिस सुविधा प्रदान की जा रही है।

### दांत से उंगली काटने तक पहुंची हिंसा, थाने में हुई शिकायत

# कॉलेज में हंगामा, प्रभारी प्राचार्य से जातिगत गाली-गलौज और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

शासकीय नवीन महाविद्यालय गोपालपुर चंद्रपुर में गुरुवार को एक गंभीर घटना सामने आई है। प्रभारी प्राचार्य चरण दास बर्मन ने अपने ही महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक और अतिथि व्याख्याता पर जातिगत गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की नीयत से हमला करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में थाना चंद्रपुर में लिखित शिकायत दी गई है। इसके बाद शिक्षा जगत में हड़कंप मच गया है। प्रभारी प्राचार्य ने संवाददाता को बताया कि 15 जनवरी गुरुवार सुबह करीब 11.45 बजे वे प्राचार्य कक्ष में विश्वविद्यालयीन मुख्य परीक्षा 2026 के प्रश्नपत्र निर्माण जैसे गोपनीय कार्य में लगे हुए थे।

इसी दौरान हिन्दी विषय के अतिथि व्याख्याता डॉ. लक्ष्मी प्रसाद कर्ष पूर्व में जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब को लेकर प्राचार्य कक्ष पहुंचे। जवाब को लेकर चर्चा चल ही रही थी कि तभी राजनीति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. ऋषि कुमार चन्द्रा भी वहां पहुंच गए। वर्मन ने आरोप लगाया है कि




बातचीत के दौरान डॉ. ऋषि कुमार चन्द्रा प्राचार्य कक्ष के गेट पर खड़े होकर छिपकर मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग करने लगे। जब प्रभारी प्राचार्य ने इसका विरोध करते हुए उन्हें अंदर आने को कहा और रिकॉर्डिंग बंद करने को कहा तो दोनों शिक्षकों ने अचानक जाति सूचक एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान डॉ. ऋषि कुमार चन्द्रा ने दाहिने हाथ की उंगली को दो बार दांत से काटा, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। यह पूरी घटना प्राचार्य कक्ष के बाहर घटित हुई। हमले के दौरान प्रभारी प्राचार्य ने अपनी जान बचाने के लिए जोर जोर से आवाज लगाई।

#### स्टाफ के हस्तक्षेप से टली अनहोनी

शोर सुनते ही कॉलेज का स्टाफ मौके पर दौड़ पड़ा और बीच बचाव किया। गुलाम, जफर, मोरध्वज दर्शन, अनिल कुमार, गुरुचरण मेहर, विवेक कुमार यादव, शिवचरण लक्ष्मे, राजेश पटेल, डॉ. मंजू, नीलम मिरी, पूजा चौधरी, ललिता केवट, अन्नू कुमार उरांव सहित अन्य कर्मचारियों ने किसी तरह स्थिति को संभाला और आरोपियों को अलग किया। प्रभारी प्राचार्य का कहना है कि यदि स्टाफ समय पर नहीं पहुंचता तो उनकी जान जा सकती थी, क्योंकि डॉ. चन्द्रा अत्यधिक आक्रोशित अवस्था में थे। शिकायत में प्रभारी प्राचार्य ने यह भी बताया है कि घटना के बाद से वे डर और असुरक्षा के माहौल में हैं तथा उन्हें अब भी जान का खतरा बना हुआ है। उन्हें आशंका है कि महाविद्यालय परिसर में इस प्रकार की घटना दोबारा हो सकती है। इसी कारण उन्होंने पुलिस प्रशासन से तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराने और दोनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।



## नहीं कट रहा टोकन, रकबा समर्पण के लिए हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

अब धान खरीदी पखवाड़ा ही चलने वाला है और इस बीच अब भी कई केन्द्रों में सैकड़ों किसान धान बेचने के लिये टोकन कटवाने के लिए बाकी है, जिन्हें टोकन नहीं मिल रहा। जानकारी के अनुसार टोकन का पोर्टल बंद बता रहा है। वहीं केन्द्रों में भी आनलाइन टोकन नहीं कट रहा है।

टोकन जब नहीं कट रहा है तो शासन के उच्चाधिकारियों के मौखिक आदेश पर राजस्व अमला रकबा समर्पण के लिए ऐसे प्रयासरत है मानों रकबा समर्पण नहीं होने से उन पर कोई गाज गिर सकता है। जानकारी के मुताबिक तिलगी सोसायटी मे 812 किसान में से 555 किसान धान बेच चुके हैं। जिसमें 109 किसानों के टोकन अब तक एक भी नहीं कटे हैं। जो किसान एक बार बेच चुके हैं उनका दोबारा टोकन कटा है ऐसे किसान 42 है।

#### छिछोर उमरिया केन्द्र में अमानक धान

छिछोर उमरिया में रवि एवं खरीफ फसल का धान मिलाकर बिक्री करने की जानकारी मिली है। क्षेत्र के किसान एवं संचालक मण्डल सहित खरीदी कार्य से जुड़े अधिकारियों की आपसी तनाव बढ़ गया। उस धान की जांच के दौरान निगरानी समिति के सदस्य भी थे जिसमें कई लोगों का कहना था कि एक दो धान मिक्स है तो किसी ने कहा पानी के कारण ऐसा हुआ है जिसकी पड़ताल शाम 7 बजे तक हुई। मौके पर रहे आरईओ ने भी इस तथ्य के तह तक जाने का प्रयास करते रहे।

## एनटीपीसी तलईपल्ली के सहयोग से 3 दिवसीय क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना के सहयोग से परियोजना प्रभावित रायकेरा संकुल के चोटीगुड़ा पंचायत में तीन दिवसीय, तीन संकुल रीजन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में 18 प्राथमिक एवं 4 मिडिल स्कूलों के 400 से अधिक छात्र छात्राएँ उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान दौड़, कबड्डी, खो खो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना, द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास बल्कि मानसिक मजबूती और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### जिले में 65 संस्थानों को पॉश एक्ट के उल्लंघन पर नोटिस

**रायगढ़।** महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला रायगढ़ में श्रम विभाग ने कड़ी कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी क्रम में जिले के 65 अशासकीय संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है, जहां 10 या अधिक श्रमिक कार्यरत हैं, लेकिन आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया गया और सी बॉक्स पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग नहीं की गई। नोटिस के माध्यम से संबंधित संस्थानों को निर्धारित समय-सीमा में आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर सी बॉक्स पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिनियम की धारा 4 के अनुसार समिति में एक वरिष्ठ महिला अधिकारी, दो महिला कर्मचारियों के प्रतिनिधि और एक एनजीओ सदस्य होना अनिवार्य है। सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने स्पष्ट रुप से कहा है कि समय-सीमा में अनुपालन न होने की स्थिति में पॉस एक्ट 2013 की धारा 26 के तहत 50 हजार रुपए तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है। प्रशासन ने सभी शासकीय एवं निजी संस्थानों से अपील की है कि वे कानून का पालन करते हुए कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करें।

## ब्लॉक स्तरीय बालिका खेल स्पर्धा दौड़ में नन्हीं बालिकाएं अव्वल

**तमनार।** युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विकासखंड स्तरीय बालिका खेल प्रतियोगिता का 13 जनवरी को मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गायत्री बेहरा विशिष्ट अतिथि गुलापी सिदार सरपंच ग्राम पंचायत तमनार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी यूके सिदार विकासखंड स्त्रोत समन्वय जेपी साहू के कर कमल से मां शारदे वीणापाणि के पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ।

तत्पश्चात सभी अतिथियों का फूल माला एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत सत्कार किया गया। स्वागत उद्बोधन विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता के द्वारा दिया गया। तत्पश्चात गुलाबी सिदार के द्वारा सभी खेल प्रतिभागी बच्चों एवं पीटीआई शिक्षकों शिक्षिकाओं एवं समस्त खेल प्रभारी शिक्षकों को खेल की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री



बेहरा ने भी सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के समक्ष 100 मी दौड़ से खेल का शुभारंभ हुआ। जिसमें कुमारी अनीशा केरकेट्टा ऊरबा संकुल को प्रथम एवं कोलम संकुल की सुमन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार कई खेल विधाओं जैसे 200 मीटर, 400 मी, तवा फेंक वॉलीबॉल, फुटबॉल में तमनार विकासखंड के विभिन्न संकुलों की बालिकाओं ने भाग लिया। 4 एकल खेल विधा 100 मीटर दौड़ 200 मी दौड़ तवा फेक, बैडमिंटन और सामूहिक खेल खो खो, रस्सा कसी, फुटबॉल, वॉलीबॉल बैडमिंटन, में तकरीबन 150 बच्चों ने भाग लिया। 200 मीटर दौड़ में शारदा सिदार प्रथम एवं रानी सोनवानी द्वितीय रही। तवा फेक में अनीशा प्रथम एवं द्वितीय शीतल रही। बैडमिंटन मैं एकला एवं डबल दोनों में प्रथम कुंजे मुरा संकुल रहा एवं एकल में मौहपाली द्वितीय एवं डबल में द्वितीय तमनार संकुल रहा।

## श्री शिव महापुराण कथा में शामिल होंगे सीएम

**खरसिया।** खरसिया ब्लाक के सुदूर आदिवासी क्षेत्र बरगढ़ खोला के ग्राम खम्हार में आयोजित शिव महापुराण कथा में सीएम विष्णुदेव साय का आगमन हो रहा है। जिसे लेकर शासन प्रशासन अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीम जुटी हुई है। सुदूर आदिवासी अंचल बरगढ खोला में सनातन धर्म के प्रति आस्था और विश्वास जगाने के लिए श्री शिव महापुराण का आयोजन देश के पीएम नरेन्द्र मोदी की माताश्री श्रीमती हीराबेन मोदी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित की जा रही है। जिसमें अकोला महाराष्ट्र से आए हुए अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बाल कथा



व्यास कृष्णा दुबे महाराज की सुमधुर वाणी में संगीतमय श्रीशिव महापुराण कथा में वर्णित भगवान शिव, माता पार्वती की कथा सहित संपूर्ण शिव चरित्र का वर्णन किया जा रहा है। इस संबंध में शिव महापुराण कथा के आयोजक ग्राम कुनकुनी के निवासी मुन्नूलाल राठिया ने बताया कि हमारे महेश साहू की अगुवाई में साथियों सहित रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शिव महापुराण कथा में आमंत्रित किया गया था जिस पर मुख्यमंत्री ने 16 जनवरी शिव महापुराण कथा में आने की सहमति दी है।

## स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड में हुआ अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट

**रायगढ़।** 14 जनवरी फाइनल मुकाबले के अवसर पर स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विकास अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और मैच का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि कर्मचारियों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और सकारात्मक सोच को भी मजबूत करता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों को दैनिक कार्य दबाव से राहत देते हैं और संगठन में एकता व टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड भविष्य में भी इस प्रकार के




खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा, ताकि कर्मचारियों में ऊर्जा, उत्साह और संगठन के प्रति जुड़ाव बना रहे। इस रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता में कंपनी के विभिन्न विभागों की कुल छह टीमों ने भाग लिया। भाग लेने वाली टीमों में कमर्शियल स्ट्राइकर्स, फेरो फाइटर्स, एसएमएस हीट्स, एसआईडी राइजर्स, पावर प्लांट रॉयल पैंथर्स तथा रोलिंग मिल स्टार्स शामिल थीं।

## श्री शिव महापुराण कथा के पहले निकाली गई कलश यात्रा

**कोसीर।** सारंगढ़ विलाईगढ़ जिले की ऐतिहासिक मां कोश्लेशवरी के धाम कोसीर मे बड़े ही हर्षोल्लास व श्रद्धा भाव के साथ शिव महापुराण कथा की भव्य कलश यात्रा निकाली गई।



जिसमें गांव के भारी संख्या में महिलाएं, युवक युवतियों के साथ भारी संख्या में बच्चे भी उपस्थित हुए । इस विशेष शिव कथा की कलश यात्रा मंदिर से निकलकर कोसीर की गाव गली मोहल्ले कोसीर की हृदय स्थल अम्बेडकर चौक होते हुए कोसीर नगर की भ्रमण कर कथा स्थल पहुँचे इसी बीच गांव गली मोहल्ले में भगवान शिव पार्वती की जयकारे गूंजती रही। बच्चे युवा बुजुर्ग महिलाएं सभी भगवान शिव की भक्ति पूणे कलश यात्रा में शामिल होकर प्रसत्र हुए इस तरह से भगवान भोले की कलश यात्रा से पूरा गांव में भक्ति मय महौल बना हुआ है और आज से शिव महापुराण कथा प्रारंभ हुई कथा वाचिका लाडली रूचिता तिवारी के मृदुल स्वर में जीवन में शिव कथा की विशेष महत्व है केवल श्रवण मात्र से ही जीवन धन्य हो जाती है। इसलिए आइए हम सब मिलकर कथा का श्रवण कर पून्य की भागी बने।

### मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# बगीचा में जिंदल फाउंडेशन का स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए जिंदल फाउंडेशन द्वारा जशपुर जिले के बगीचा में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया। शिविर में फोर्टिसकृओपी जिंदल अस्पताल, रायगढ़ तथा फोर्टिस अस्पताल, गुड़गांव के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने शिविर में



पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ उठाया। जिंदल फाउंडेशन द्वारा अंचल में सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। रायगढ़ स्थित जिंदल स्टील संयंत्र के आसपास के गांवों में नियमित रूप से मेगा हेल्थ कैम्प्स आयोजित किए जा रहे हैंए जिनसे अब तक हजारों लोग लाभान्वित हो चुके हैं। इसी क्रम में एक बड़ी पहल करते हुए समीपस्थ जिले जशपुर के बगीचा में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में यह विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गयाए जिसे जशपुर जिला प्रशासन का मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जिंदल फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस विशाल स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास जनहित में अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में जिंदल फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सतत कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी तरह अंचल के विकास हेतु योगदान देते रहने की प्रेरणा दी।




